# आपदा प्रबन्धन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग

# जिला कलेक्ट्रेट, टोंक

## हीटवेव एक्शन प्लान–2025

**वर्ष 2025 में लू–तापघात प्रभाव को देखते हुए बचाव एवं तैयारियों/अग्रिम व्यवस्थाओं आदि के सम्बन्ध में संबंधित विभागों से प्राप्त अद्यतन रिपोर्ट –**

## 1. जिला ईमरजेंसी ऑपरेशन सेन्टर कलेक्ट्रेट, टोंक –

**कार्यालय अधीक्षक कलेक्ट्रट, टोंक के पर्यवेक्षण में प्रशिक्षित नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों (जिला आपदा त्वरित कार्यवाही दल) को 3 पारियों में 24x7 संचालित है।**

- जिला स्तर पर की गई कार्यवाही के संबंध में :–

(1) आगामी प्री–मानसून एवं हीटवेव 2025 में संभावित आपदा एवं लू एवं अन्य प्रतिकूल जलवायु घटनाओं से निपटने की तैयारी की समीक्षा के सम्बन्ध में ग्रीष्म–ऋतु के प्रारंभ होने पर गर्मी/तापमान बढना, ताप की लहर/हीट वेव एवं अन्य विपरीत जलवायु परिवर्तन से आमजन के बचाव हेतु कार्यालय हाजा के पत्रांक 1406–050 दिनांक 02.04.2025 द्वारा जिला स्तर पर श्री रामरतन सोंकरिया, अति0 जिला कलक्टर, टोंक को हीटवेव प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है जिनके मोबाईल नम्बर 9828550661 तथा टोल फ्री नं. 1077 है। ई–मेल **adm-ton-rj@gov.in, relieftonk@gmail.com** है तथा कार्यालय हाजा के पत्रांक 1473–1496 दिनांक 02.04.2025 द्वारा जिला स्तर पर जिले के संबंधित विभागों के साथ श्रीमान जिला कलक्टर, टोंक की अध्यक्षता में आगामी प्री–मानसून एवं हीटवेव 2025 में संभावित आपदा एवं ग्रीष्म–ऋतु के प्रारंभ होने पर गर्मी/तापमान बढना, ताप की लहर/हीट वेव एवं अन्य विपरीत जलवायु परिवर्तन से आमजन के बचाव के संबंध में बैठक आयोजित की गई है।

(2) कार्यालय हाजा के पत्रांक 1376–91 दिनांक 02.04.2025 द्वारा संबंधित विभागों को जनसमुदाय को हीटवेव के प्रकोप से बचाव हेतु अपने–अपने विभाग में नोडल अधिकारी नियुक्त किये जाने एवं दिशा–निर्देशों की पालना करवाये जाने हेतु निर्देशित किया है तथा हीटवेव 2025 से बचाव हेतु हीटवेव एक्शन प्लान तैयार करने एवं हीटवेव एडवायजरी 2025 जारी की जाकर एडवायजरी के व्यापक प्रचार प्रसार एवं क्या करें और क्या न करें **(Do's and Don'ts)** की आमजन से अपील एवं उक्त दिशा–निर्देशों का व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु हेतु जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी को निर्देशित किया जाकर व्यापक प्रचार–प्रसार करवाया जा रहा हैं। साथ ही जिले के समस्त राजकीय चिकित्सालयों में पर्याप्त चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टॉफ, दवाईयों की उपलब्धता, तथा संसाधनों की सुनिश्चितता हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी टोंकं को निर्देशित किया जा रहा है। श्रमिकों के लिये छाया, पेय पदार्थो एवं गीला कपडा रखने हेतु सहायक श्रम आयुक्त, श्रम विभाग टोंक को को निर्देशित किया जा रहा है। पशुओ/गोवंश को तापघात से बचाव हेतु टीनशेड पर टाट कपडे डालने व पशुचिकित्सालय में प्रयाप्त मात्रा अपलब्ध करवाये जाने हेतु संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग टोंक को निर्देशित किया जा रहा है। नरेगा के श्रमिको हेतु प्रयाप्त छाया स्थल की व्यवस्था, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद टोंक को को निर्देशित किया जा रहा है। सड़को पर पानी के टेंकरों से छिडकाव व अग्निशमन गाडियों को अलर्ट मोड पर रखे जाने हेतु आयुक्त नगर परिषद टोंक को को निर्देशित किया जा रहा है। जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में बिजली के सुचारू रूप से आपूर्ति हेतु अधीक्षण अभियंता, विद्युत विभाग, टोंक को को निर्देशित किया जा रहा है तथा पानी की सप्लाई समयबद्ध एवं पर्याप्त रूप से किये जाने हेतु जन स्वास्थ्य अभियन्त्रिकी विभाग, टोंक को निर्देशित जा रहा है तथा कार्यालय हाजा के पत्रांक 1451–59 दिनांक 02.04.2025 द्वारा समस्त तहसीलदारों को अपने तहसील स्तर पर हीटवेव नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाकर तहसील क्षेत्र में जन समुदाय को हीटवेव (लू–ताप–घात) के प्रकोप से बचाव हेतु दिशा–निर्देशों की पालना करवाया जाने हेतु निर्देशित किया है तथा पालना रिपोर्ट भिजवाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

## 2. सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, टोंक

आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा के तहत कार्यालय के प्रमुख दायित्व

| क्रम संख्या | कार्यालय के प्रमुख दायित्व |
|---|---|
| 1 | आपदा के समय क्या करें और क्या ना करें, के बारे में संबंधित अन्य लोगों को जानकारी का प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। |
| 2 | नवीनतम आपातकालीन स्थिति के बारे में सार्वजनिक जानकारी रखते हुए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। |
| 3 | लोगों को विभिन्न आपदा पश्चात सहायता और रिकवरी कार्यक्रम के बारे में सूचित किया जा रहा है। |
| 4 | समय–समय पर प्रेस नोट जारी करना सुनिि चत किया जायेगा। |
| 5 | जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे राहत कार्यों की जनता को जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है। |

## 3. जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, टोंक –

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, राजस्थान
PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT , RAJASTHAN

- जिले में बीसलपुर बांध से 06 शहर , 07 ब्लॉक एवं कुल 1118 ग्रामों में पीएचईडी प्रोजेक्ट एवं पीएचईडी रेगुलर द्वारा जलापूर्ति की जा रही है।
- जिले में ग्रीष्म आकस्मिकता कोष के तहत जिले में कुल 17 कार्यो हेतु राशि 156.75 लाख की स्वीकृति जारी की जा चुकी है जिनमें से 9 कार्यों के कार्यादेश जारी किये जाकर कार्य प्रगति पर है तथा शेष 8 कार्यों की निविदाऐं प्रक्रियाधीन है। समस्त कार्य दिनांक 15.05.2025 तक पूर्ण किया जाना है।
- टोंक जिले में ग्रीष्म पेयजल हेतु इस कार्यालय के पत्रांक 364–394 दिनांक 08.04.2025 के द्वारा जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम (दूरभाष 01432–247436) स्थापित किया गया है। जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम 24 घंटे संचालित है तथा नियमित प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है।
- जिले में बीसलपुर बांध से समस्त ग्रामों में 48 घंटे के अंतराल में नियमित रूप से जलापूर्ति की जा रही है तथा टोंक एवं मालपुरा शहर में 48 घंटे के अन्तराल में जलापूर्ति की जा रही है शेष 4 शहरों 24 घंटे के अन्तराल में जलापूर्ति की जा रही है।
- हैडपम्प मरम्मत अभियान के तहत दिनांक 01.04.2025 से आज दिनांक तक 374 मरम्मत योग्य हैडपम्प में से 330 हैडपम्प ठीक किये जा चुके है।

# ग्रीष्म ऋतु 2024 हेतु समर प्लान

1. टोंक जिले में 6 शहर एवं 7 ब्लॉक स्थित है। जिनमें बीसलपुर बांध से पेयजल वितरण पीएचईडी प्रोजेक्ट एवं पीएचईडी रेगुलर विभाग द्वारा की जा रही है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:—

| क्रं सं. | ब्लॉक | शहरों की संख्या | ग्रामों की संख्या | ओ.एण्ड. एम संस्था |
|---|---|---|---|---|
| 1 | टोंक | 1 | 124 | PHED BTUD Project |
| 2 | देवली | 1 | 168 | PHED BTUD Project |
| 3 | उनियारा | 1 | 210 | PHED BTUD Project |
| 4 | निवाई | 1 | 205 | PHED Niwai Project |
| 5 | पीपलू | 0 | 118 | PHED Regular |
| 6 | मालपुरा | 1 | 154 | PHED Regular |
| 7 | टोडारायसिंह | 1 | 139 | PHED Regular |

2. सभी 6 शहरों में बीसलपुर बांध से उपलब्ध पेयजल को वितरण किये जाने का काम पीएचईडी रेगुलर विंग द्वारा किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्नप्रकार है:–

| क्र. सं. | शहर का नाम | जनसंख्या वर्ष 2011 | वर्तमान जनसंख्या | प्रतिदिन औसत सप्लाई बीसलपुर बांध एवं स्थानीय स्त्रोत से (MLD) | प्रति व्यक्ति सर्विस लेवल (LPCD) | कुल चालू हैण्डपम्पों की संख्या | सप्लाई अंतराल घंटो में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | टोंक | 1,65,294 | 238000 | 25.00 | 91 | 569 | 48 |
| 2 | देवली | 22,065 | 39505 | 3.90 | 85 | 96 | 24 |
| 3 | उनियारा | 12,551 | 15,187 | 1.50 | 85 | 83 | 24 |
| 4 | मालपुरा | 36,028 | 47540 | 3.85 | 70 | 128 | 48 |
| 5 | निवाई | 37,765 | 45,696 | 4.50 | 85 | 316 | 24 |
| 6 | टोडारायसिहं | 23,559 | 28,506 | 1.90 | 58 | 80 | 24 |
| | TOTAL | 2,97,262 | 4,14,434 | 40.65 | | 1272 | |

नोटः– ग्रीष्म मे पेयजल समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु जिला स्तर पर कन्ट्रोल रूम (दूरभाष नं. 01432–247436) स्थापित किया गया है।

## 3. समस्याग्रस्त क्षेत्रों में पेयजल परिवहन

1. जिले में 234 ग्राम तथा 199 ढाणियों में आवश्यकता पडने पर पेयजल परिवहन हेतु ग्रामीण क्षेत्र में 84.55 लाख रूपये स्वीकृत तथा सभी 6 शहरो में आवश्यकता पडने पर पेयजल परिवहन हेतु शहरी क्षेत्र में 23.58 लाख रूपये प्रस्ताव स्वीकृति जारी की गई है।

2. जिला स्तरीय कमेटी द्वारा पेयजल परिवहन की दरें सभी शहरों के लिये राशि रूपये 480 प्रति 4000 लीटर क्षमता टैंकर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिये राशि रूपये 470 प्रति 4000 लीटर क्षमता टैंकर अनुमोदित की जा चुकी है।

3. मालपुरा एवं टोडारायसिंह ब्लॉक में पेयजल परिवहन हेतु अधिशाषी अभियंता खण्ड मालपुरा के द्वारा दिनांक 31.03.2025 को मैसर्स उदय इंजिनियरिंग, ग्राम पोस्ट कलमण्डा, तहसील मालपुरा, जिला टोंक को कार्यादेश जारी किया गया।

4. निवाई एवं पीपलू ब्लॉक में पेयजल परिवहन हेतु अधिशाषी अभियंता खण्ड मालपुरा के द्वारा आमंत्रित निविदा प्रक्रियाधीन है तथा दिनांक 09.04.2025 को निविदा खोली जा चुकी है।

5. टोंक, देवली एवं उनियारा ब्लॉक में पेयजल परिवहन हेतु आमंत्रित निविदाओं में बिडर्स द्वारा भाग नहीं लेने के कारण जिला स्तरीय कमेटी द्वारा निर्धारित दरों पर अन्य संवेदक से कार्य करवाने के लिये अधिशाषी अभियंता खण्ड टोंक को इस कार्यालय द्वारा दिनांक 27.03.2025 कों अधिकृत किया जा चुका है।

4. हैण्डपम्प मरम्मत अभियान

01.04.2025 से शुरू 49वां हैण्डपम्प मरम्मत अभियान के तहत 40 लेबर तथा 8 वाहन खण्ड टोंक / मालपुरा को आवंटित।

49वें हैण्डपम्प मरम्मत अभियान की प्रगति रिपोर्ट

| पंचायतीराज विभाग हैण्डपम्प मरम्मत | | | | |
|---|---|---|---|---|
| एरिया | कुल स्थापित हैण्डपम्प | मरम्मत योग्य कुल हैण्डपम्प | ठीक किये गये हैण्डपम्प | बेलेन्स |
| ग्रामीण | 5935 | 22 | 15 | 07 |

| जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हैण्डपम्प मरम्मत | | | | |
|---|---|---|---|---|
| एरिया | कुल स्थापित हैण्डपम्प | मरम्मत योग्य कुल हैण्डपम्प | ठीक किये गये हैण्डपम्प | बेलेन्स |
| शहरी | 1809 | 26 | 9 | 17 |
| ग्रामीण | 6198 | 28 | 19 | 07 |
| योग | 8007 | 54 | 28 | 34 |

नोटः— पंचायती राज विभाग द्वारा स्थापित हैण्डपम्पों की मरम्मत हेतु आवश्यक हैण्डपम्प स्पेयर पार्ट ग्राम पंचायत पर उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद टोंक द्वारा सभी विकास अधिकारियों को निर्देशित किया जाना है।

**5. ग्रीष्म आकस्मिकता फंड**

ग्रीष्म में आकस्मिक कार्यो हेतु खण्ड मालपुरा के 3 कार्य राशि रूपये 16.86 लाख एवं खण्ड टोंक के 8 कार्य राशि रूपये 48.28 लाख, कुल राशि रूपये 65.14 लाख रूपये आवंटित एवं 11 नग प्रस्ताव जिला कलेक्टर महोदया की अभिशषा अनुसार अतिरिक्त मुख्य अभियंता क्षेत्र अजमेंर को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी किये जाने हेतु प्रेषित है। उक्त कार्यो में मुख्यतः नलकूप को गहरा करना, पम्पसेट बदलना, पुरानी पाईपलाईन बदलने का कार्य सम्मिलित है।

**6. आकस्मिक कार्यो की स्वीकृति**

ग्रीष्म में आकस्मिक कार्यो हेतु खण्ड मालपुरा के 8 कार्य राशि रूपये 74.22 लाख एवं खण्ड टोंक के 9 कार्य राशि रूपये 82.53 लाख, कुल राशि रूपये 156.75 लाख रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रक्रियाधीन है। उक्त कार्यो में मुख्यतः नलकूप को गहरा करना, पम्पसेट बदलना, पुरानी पाईपलाईन बदलने का कार्य, असफल नलकूप की जगह नवीन नलकूप निर्माण कार्य सम्मिलित है।

**7. आकस्मिक व्यवस्थाओं हेतु संविदा दर**

ग्रीष्म ऋतु में हैण्डपम्प / नलकूप मरम्मत, नये हैण्डपम्प / नलकूप निर्माण, पाईपल लाईन लीकेज, नई पाईप लाईन डालने, योजनाओं के संचालन एवं संधारण, पम्प मोटर रिपेयरिंग, जलाशयों की सफाई की वार्षिक दर संविदाऐं उपलब्ध है।

**8. आवश्यक सामग्री की उपलब्धता**

विभागीय हैण्डपम्प एवं नलकूप के मरम्मत हेतु आवश्यक स्पेयर पार्टस, जीआई पाईप, सीआईडी ज्वाइन्टस एवं वितरित जल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक ब्लीचिंग पाउडर खण्डीय भण्डार टोंक एवं मालपुरा में उपलब्ध है।

**9. पेयजल हेतु निर्बाध विद्युत प्रवाह**

विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ व्हाट्सएप ग्रुप बना हुआ है जिसके माध्यम से आपसी समन्वय से विद्युत संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान हेतु प्रयास किये जाते है। वर्तमान में विभाग द्वारा 17 नलकूप के विद्युत कनेक्शन जारी किये जाने हेतु अंडरटेकिंग दी जा चुकी है। विद्युत विभाग द्वारा कार्य प्रगति पर है।

4. सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों की प्रगति–

**Status from 01.01.2025 to 04.04.2025**

| Grievance Received | Disposed | Pending | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 0-30 | 31-45 | 46-60 | >60 | Total |
| 475 | 157 | 311 | 7 | 0 | 0 | 318 |

5. अवैध कनेक्शन की प्रगति–

**PROGRESS OF REMOVAL & REGULARIZATION OF ILLEGAL CONNECTIONS from 05.10.2024**

| S. No. | Name of Circle | Assessed number of illegal connections till reporting date | Progress of removal or Regularization of illegal connections | | | Balance illegal connections as on date (3-6) | No. of cases for which FIR lauge | No.of cases Reported for Misbehaviour with PHED Officials/staff |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Regularized | Disconnected | Total (4+5) | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Tonk | 1562 | 76 | 1486 | 1562 | 0 | 0 | 0 |

टोंक जिले में अमृत–2 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यः–

| क्र.सं. | योजना का नाम | अनुमानित लागत (करोड में) |
|---|---|---|
| 1 | **UWSS Deoli** | **5.21** |
| 2 | **UWSS Uniara** | **2.78** |
| 3 | **UWSS Malpura** | **9.73** |
| 4 | **UWSS Newai** | **10.34** |
| 5 | **UWSS Todaraisingh** | **4.98** |
| **योग** | | **33.04** |

- उक्त योजनाओं की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी हो चुकी है तथा निविदाऐं प्रक्रियाधीन है।
- विभाग की समस्त पेयजल योजनाओं पर स्थित स्वच्छ जलाशयों, उच्च जलाशयो, भूतल जलाशयों की नियमानुसार सफाई का कार्य करवाया जा रहा है।
- जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत योजनाऐं जहां पर अभी तक नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुचारू नही हुई है। उक्त ग्रामों में पूर्व मे स्थापित सार्वजनिक नलों से पेयजल व्यवस्था की गई है।
- पेयजल की शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु जिला स्तर पर कन्ट्रोल रूम कार्यरत है।
- इसके अतिरिक्त इस वृत के अधीन खण्ड टोंक एवं मालपुरा की हैण्डपम्प, नलकूप, टैंकर व पाईपलाईन की दर संविदा आमत्रित कर कार्यादेश जारी कर दिये गये है।

6. मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2024–25 की प्रगति

## Progress of Budget 2024-25 Announcement for Hand pamp and Tube Well

| SN. | District | Constituency | Authorization HP | A&F Sanctioned HP | Hand pump | | Authorization TW | A&F Sanctioned TW | Tube well | | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | Drilled | Comm. | | | Drilled | Comm. | |
| 1 | Tonk | Malpura | 10 | 10 | 10 | 10 | 5 | 5 | 4 | 4 | 1 No. HP not feasible & 2 No. TW dry. |
| 2 | | Niwai (SC) | 10 | 10 | 10 | 10 | 5 | 5 | 5 | 5 | |
| 3 | | Tonk | 10 | 10 | 10 | 10 | 5 | 5 | 4 | 4 | |
| 4 | | Deoli-Uniara | 10 | 10 | 9 | 9 | 5 | 5 | 5 | 5 | |
| District Tonk | | | 40 | 40 | 39 | 39 | 20 | 20 | 18 | 18 | |

7. जल जीवन मिशन की प्रगति रिपोर्टः–

| MP/OTMP | कुल ग्राम | स्वीकृत राशि (करोड में) | FHTC की संख्या | कायदिश जारी | FHTC Coverage | विशेष टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| OTMP | 439 | 544.98 | 1,00,817 | 256 | 65,058 | – |
| BTUD (MP) | 464 | 200.29 | 93,188 | 464 | 66,495 | – |
| Newai (MP) | 215 | 154.28 | 42,393 | 215 | 22,442 | – |
| योग | 1,118 | 899.55 | 2,36,398 | 935 | 1,53,995 | |

नोटः– (1) टोडारायसिंह, मालपुरा एवं पीपलू ब्लॉक के 179 ग्रामों (33870 FHTCs) की योजना की निविदाऐं प्रक्रियाधीन है।

- **FHTC COVERAGE STATUS**

| S.No | Particulars | MP | OTMP | Total |
|---|---|---|---|---|
| 1 | No of villages | 679 | 439 | 1118 |
| 2 | No. of FHTC | 1,35,581 | 1,00,817 | 2,36,398 |
| 3 | FHTC Before JJM (As on 15-08-2019) | 4,181 | 5,130 | 9,311 |
| 4 | Total FHTC Covered as on date 01-04-25 | 88,937 (65.60%) | 65058 (64.53%) | 1,53,995 (65.14%) |
| 5 | Balance FHTC | 43,449 | 37049 | 80,498 |
| 6 | FHTC for which WO not issued | 0 | 33,870 | 33,870 |
| 7 | Target FHTC 2025-26 | 43449 | 5247 | 48696 |
| | Achievement in FY 2025-26 | 0 (0.0%) | 0 (0.0%) | 0 (0.0%) |

- जल जीवन मिशन के अन्तर्गत FHTC की वर्ष 2024–25 की प्रगति निम्नानुसार है :–

| योजना | लक्ष्य | प्रगति | % |
|---|---|---|---|
| OTMP (वृत टोंक) | 7989 | 7795 | 97.57 |
| MP (बीसलपुर टोंक उनियारा देवली परियोजना)<br>MP (बीसलपुर निवाई परियोजना) | 44000 | 30178 | 68.58 |
| योग | 51989 | 37973 | 73.04 |

## 4. पशुपालन विभाग , टोंक –

पशुओं को ग्रीष्म ऋतु एवं लू–प्रकोप से बचाव हेतु पशुपालन विभाग द्वारा एडवाईजरी :–

1. सभी पशुपालकों को उनके पशुओं को तापघात से बचाने हेतु एडवाईजरी जारी कर दी गई है एवं गौवंश/अन्य पशुओं को धूप एवं ताप/लू से बचाने के लिए गौशाला संचालकों को संधारित गौवंश/अन्य पशुओं हेतु पर्याप्त छाया की व्यवस्था करने तथा शेड को गर्म हवाओं के प्रकोप से बचाने के लिए तिरपाल अथवा टाट/बोरे से ढकने हेतु पाबंद किया गया है।
2. प्रिन्ट मिडीया के माध्यम से सभी पशुपालकों को पशुओं को तापघात से बचाने हेतु सावचेत किया गया है। एवं बीमार एवं अशक्त गौवंश/अन्य पशुओं हेतु संबंधित पशु चिकित्सा कर्मियों की देखरेख में उपचार करने हेतु निर्देशित किया गया है।
3. जिले के सभी गौशाला प्रबन्धकों एवं पशुपालको को गौवंश/अन्य पशुओं को तापघात से बचाने हेतु एवं गौवंश/अन्य पशुओं के पानी की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया है। गौशाला प्रबन्धकों एवं पशुपालकों को निम्नानुसार निर्देश प्रदान किये गये है :–

- गौवंश/अन्य पशुओं हेतु पर्याप्त मात्रा में चारा, भूसा एवं पशु आहार की व्यवव्स्था हेतु गौशाला प्रबन्धन को समुचित व्यवस्था करने हेतु।
- गौशालाओं में संधारित गर्भवती एवं असहाय गौवंश की विशेष देखभाल हेतु संबंधित पशु चिकित्सालय को चिकित्सा उपचार व्यवस्था हेतु।
- गौशाला संचालकों को पानी, चारा, एवं पशु आहार की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था करने हेतु।
- गौशालाओं में आगजनी से बचाव हेतु समुचित प्रबन्ध हेतु एवं मृत गौवंश के शव का निस्तारण यथा शीघ्र एवं सुरक्षित सम्मानजनक ढंग से किये जाने हेतु

4.. सभी पशु चिकित्सा संस्था प्रभारियों को अपने कार्य क्षेत्र में पशुओं के लिए चारे एवं पानी की व्यवस्था हेतु स्थानीय प्रशासन के सहयोग से व्यवस्था करने हेतु ।

5. सभी पशु चिकित्सा संस्थाओं में पर्याप्त मात्रा में औषधियां उपलब्ध करवा दी गई है। लू एवं तापघात से पशुओं को बचाने हेतु पूर्ण रूप से विभाग तैयार है।

## पशुओ को तापघात से बचाने के उपाय :–

1. गौवंश को सूर्य की सीधी किरणों से दूर रखें।
2. धूप और लू से बचाव के लिए हवादार छप्पर या छायादार वृक्ष के नीचें रखें।
3. गौवंश गृह को ठण्डा रखने के लिए दिवारों के उपर जूट की टाट लटकाकर उस पर थोड़ी–थीड़ी देर में पानी का छिड़काव करना चाहिए ताकि बाहर से आने वाली हवा में ठंकड बनी रहे।
4. पंखे या कूलर का यथा संभव उपयोग करें।
5. गौवंश में पानी, लक्षण की कमीं होने एवं भोजन में अरूची होने के मध्यनजर दिन में कम से कम चार बार स्वच्छ और ठण्डा जल गौवंश को उपलब्ध कराना चाहिए। साथ ही संतुलित आहर के साथ–साथ उचित मात्रा में खनिज मिश्रण भी देना चाहिए। उच्च्व गुणवत्ता का आसनी से पचनीय चारा गौवंश को उपलब्ध कराना चाहिये।
6. गौवंश को चराई के लिए सुबह जल्दी और शाम को देर से भेजना चाहिए। ताकि अत्यधिक बढ़े हुये तापमान से गोवंश को बचाया जा सके।
7. आहर में संतुलन के लिए एजौला चारा का प्रयोग किया जा सकता है। साथ ही आहार में गेहूं का चौकर और जौ की मात्रा बढ़ा देनी चाहिए।
8. गोवंश का परिवहन एवं अन्य संबंधित गतिविधियां सुबह या शाम के ठंडे वातावरण में की जानी चाहिए।

## 5. वन विभाग, टोंक

01.जलाशयों के माध्यम से पानी की आपूर्ति

वन विभाग टोंक द्वारा टोंक वन क्षेत्र में पानी के प्राकृतिक व कृत्रिम जलाशय हैं उनमें वन्यजीवों के लिए अत्यधिक तापमान के समय पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी।

02.फॉरेस्ट फायर लाइन का निर्माण

वन विभाग द्वारा वन खंड सोहेला में फॉरेस्ट फायर लाइन का निर्माण किया गया है जिससे वन क्षेत्र में लगने वाली आग (दावानल) पर काबू पाया जाएगा।

03.नियमित गश्त और त्वरित कार्रवाई

इसके अतिरिक्त वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा वन क्षेत्र की नियमित गश्त की जाएगी और यदि कोई जंगल की आग की घटना होती हैं तो उस पर जल्द से जल्द काबू पाया जाएगा।

## 6. शिक्षा विभाग, टोंक–

गर्मी के मौसम एवं हीटवेव के जोखिम को देखते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा हेतु निम्नलिखित प्रकार से एडवाईजरी जारी की जाती हैं–

- सभी विद्यालयों में ठंडे पीने के पानी की समुचित व्यवस्था की जाएं एवं पानी की टंकियों की नियमित सफाई की जाएं।
- परीक्षाओं एवं प्रार्थना सभा का आयोजन छायादार एवं हवादार स्थान पर किया जाएं।
- विद्यालयों में प्रत्येक कक्षा–कक्ष के पंखे कार्यशील अवस्था में हो।
- विद्यालयों में हीटवेव से बचाव हेतु एवं लू लगने के लक्षणों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया जाएं।
- सभी विद्यालयों में हीटवेव से बचाव हेतु प्राथमिक उपचार किट यथा ओआरएस घोल, थर्मोमीटर, मुलतानी मिट्‌टी एवं तौलिया अथवा कपडा (किसी विद्यार्थी मे लू लगने के लक्षण होने पर गीला कर सिर पर रखने हेतु) उपलब्ध रखें।

- किसी विद्यार्थी में लू लगने के लक्षण होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।
- विद्यालय प्रागंण को साफ–सुथरा रखा जाएं।
- मीड–डे मील में ताजा रसीले (हाईड्रेटींग) फलों का वितरण किया जाएं।
- मीड–डे मील में सुपाच्य भोजन बनाएं एवं ताजा भोजन सामग्री का प्रयोग किया जाएं। भोजन बनाते समय साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएं।

## 7. जिला श्रम विभाग , टोंक –

श्रम विभाग द्वारा निर्माण कार्य/औद्योगिक/दुकान एवं वाणिज्यक संस्थानों पर कार्य करने वाले श्रमिकों को गर्म हवा (लू) से बचाव हेतु प्रशिक्षण एवं जागरूक करने के संबंध में कार्यवाही का विवरण निम्नानुसार है–

- औद्योगिक एवं दुकान व वाणिज्यक संस्थानों के नियोजकों को श्रमिकों हेतु छाया, ठण्डे पीने के पानी की व्यवस्था एवं प्राथमिक चिकित्सा किट का प्रबन्ध करने हेतु निर्देशित किया जा रहा है।

- विभिन्न निर्माण स्थलों/प्रमुख चौखटी पर श्रमिकों को दोपहर 12 बजे से 3 बजे के मध्य भीतर कार्य करने, तापमान से बचाव के लिए ठण्डी व तरल पेय का उपयोग करने, गीला कपडा उपयोग करने के लिए निर्देशित किया जा रहा है।

- औद्योगिक संस्थानों के नियोजकों को श्रमिकों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निर्देशित किया गया।

- गर्मी की लहर से संबंधित बीमारियों के संबंध में निर्माण/उद्योग/वाणिज्यिक अधिकारों के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।
- चरम गर्मी के घंटों से बचने के लिए काम के समय पर सलाह जारी की जा सकती है।
- स्वास्थ्य विभागों के सहयोग से विशेष रूप से अनौपचारिक क्षेत्रों और बस्तियों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।
- श्रमिकों के लिए सभी कार्य परिसरों में पेयजल की सुविधा की जा रही है।

# राजस्थान सरकार
## कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त, टोंक

क्रमांक:— 222 दिनांक — 8/4/25

श्रीमान जिला कलेक्टर,
टोंक

विषय:— जन समुदाय को हीटवेव (लू ताप—घात) के प्रकोप से बचाव हेतु दिये गये दिशा—निर्देशों की पालना करवाये जाने के सम्बन्ध में अपने—अपने विभाग की पूर्ण प्रगति के साथ सॉफ्ट कॉपी में भिजवाये जाने के क्रम में।

संदर्भ:— आपके पत्र क्रमांक 1600—11 दिनांक 08.04.2025 के सम्बन्ध में।

महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के सम्बन्ध मे निवेदन है कि जन समुदाय को हीटवेव (लू ताप—घात) के प्रकोप से बचाव हेतु जिले में स्थित विभिन्न औद्योगिक/वाणिज्य संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों को Heat Wave से बचाने के लिये आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था के सम्बन्ध में दिशा निर्देशों की पालना करवाये जाने के सम्बन्ध में दिशा निर्देश दिये गये है। जिले में स्थित विभिन्न औद्योगिक/वाणिज्य संस्थानों द्वारा सभी दिशा निर्देशों की अनुपालना रिपोर्ट व छायाचित्र भिजवाये जाने हेतु भी पत्र क्रमांक 206—209 दिनांक 04.04.2025 द्वारा निर्देशित किया गया है।

संलग्न:— उपरोक्तानुसार।

भवदीय

सहायक श्रम आयुक्त,
टोंक

D/Letter

राजस्थान सरकार
श्रम विभाग
कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त, टोंक (राज०) दिनांक – 04/04/2025

क्रमांक– 306–319
1–टाटा ईंट भट्टा, पालड़ा रोड, टोंक
2–बीठला ईंट भट्टा, पालड़ा रोड, टोंक
3–जयश्री ईंट भट्टा, पालड़ा रोड, टोंक
4–जी.बी.सी. ईंट भट्टा, पालड़ा रोड, टोंक
5– आर.बी.सी. ईंट भट्टा, पालड़ा रोड, टोंक
6–अमरनाथ एन्टरप्राईजेज पालड़ा रोड, टोंक
7–टी.बी.सी. ईंट भट्टा, ग्राम मोरड़ा टोंक
8–बी.बी.यू. बालाजी ब्रिक्स, राजमहल देवली, टोंक
9–चौधरी ब्रिक्स इण्डस्ट्रीज, ग्राम सोडा, मालपुरा, टोंक
10–एस.बी.सी. ईंट भट्टा ग्राम मोरड़ा टोंक
11–डी.एम.सी. ईंट भट्टा ग्राम मोरड़ा टोंक
12–जे.एस.बी. ईंट भट्टा ग्राम मोरड़ा टोंक
13–विनायक ब्रिक्स ईंट भट्टा ग्राम मोरड़ा टोंक
14–एच.बी.सी. ईंट भट्टा ग्राम मोरड़ा टोंक
15–अन्य संस्थान

विषयः–जन समुदाय को हीटवेव (हीट घात) के प्रकोप से बचाव हेतु दिशा–निर्देशों की पालना करवाये जाने के संबंध में।

प्रसंगः– श्रीमान जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, टोंक के आदेश क्र0 आ.प्र.राहत /हीटवेव /2024–25/1376–91 दिनांक 02.04.2025 के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में श्रीमान जिला कलक्टर महोदया द्वारा जन समुदाय को हीटवेव (हीट घात) के प्रकोप से बचाव हेतु दिशा–निर्देशों की पालना करवाये जाने के संबंध निर्देशित किया है। इसी क्रम में जिले में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों को सामान्य से अधिक रहने वाले तापमान के दुष्प्रभावों से बचाने के लिये दिये गये दिशा–निर्देशों की पालना हेतु जिले में स्थित विभिन्न औद्योगिक/वाणिज्य संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों को Heat wave से बचाने के लिये आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था के संबंध में आपको निर्देशित किया जाता है–

1– ग्रीष्म ऋतु–2025 में अत्यधिक तापमान रहने के मद्देनजर आपके संस्थान में कार्य करने वाले श्रमिकों हेतु औद्योगिक परिसर में छाया, पानी की व्यवस्था, फर्स्ट–एड बॉक्स (प्राथमिक उपचार पेटी), ओरल रिहाईड्रेशन सॉल्यूशन (ORS), एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें।

2–श्रमिकों को सीधी धूप से बचाने के लिये बाहरी गतिविधियों के दौरान तीव्र धूप/गर्मी के समय श्रमिकों को विश्राम दिया जाना सुनिश्चित करें। Heat wave में किसी भी प्रकार जनहानि के लिये संस्थान मालिक व्यक्तिशः उत्तरदायी होंगे।

अतः उक्त निर्देशों की 2 दिवस में पालना कर अनुपालना रिपोर्ट मय छायाचित्र कार्यालय की मेल आई. डी. labourtonk@gmail.com पर भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

(कमल सिंह चांदोलिया)
सहायक श्रम आयुक्त,
टोंक

दिनांक :– 04-04-2025

क्रमांक :– 320
प्रतिलिपि– श्रीमान जिला कलक्टर महोदय टोंक को सूचनार्थ प्रेषित है–

सहायक श्रम आयुक्त,

टोंक जिले में वर्तमान में हीट वेव के प्रकोप को भविष्य में देखते हुए जिले में श्रम साध्य कार्यो पर नियोजित श्रमिकों को राहत एवं सहायता प्रदान करने के सम्बन्ध में विभिन्न श्रम स्थलों पर कार्यरत श्रमिकों बाबत नियोक्ताओं को निम्ननानुसार एडवायजरी जारी कर पालना रिपोर्ट प्राप्त की गयी हैः—

1. ग्रीष्म. ऋतु 2025 में अत्यधिक तापमान रहने के मध्यनजर आपके संस्थानों में कार्य करने वाले श्रमिकों हेतु औद्योगिक परिसर में छाया, पानी की व्यवस्था, फर्स्ट —बॉक्स (प्राथमिक उपचार पेटी) ओरल रिहाइड्रेशन सोल्यूशन (ORS)एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करेगें।

2. श्रमिको को सीधी धूप से बचाने के लिये बाहरी गतिविधियों के दौरान तीव्र धूप/गर्मी के समय श्रमिकों को विश्राम दिया जाना सुनिश्चित करे। Heat wave में किसी भी प्रकार जनहानि के लिये संस्थान मालिक व्यक्तिश उत्तरदायी होगें।


सुविधाए



**8. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, टोंक –**

# मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, टोंक –

# Heat Waves Preparation 2025

# Review of Preparation for Dealing with Heat Wave and Other Adverse Climate Events

लू तापघात (ताप लहर) के बचाव हेतु जिला चिकित्सालय में 6 से 10 बेड एवं समस्त चिकित्सा संस्थानों पर 2 से 5 बेड की व्यवस्था की गई है।

- Heat illness and death report IHIP portel पर इंद्राज की जायेगी।
- जिले के पीएचसी स्तर पर 68, सीएचसी पर 13, यूपीएससी पर 6 एवं मुख्यालय स्तर पर 01 आरआरटी टीम का गठन किया जा चुका है।
- चिकित्सा विभाग के पत्रांक 59 दिनांक 11.3.2025 द्वारा लू तापघात हेतु सभी विभागों के समन्वय स्थापित कर बचाव के लिए कार्य योजना जारी की गई।
- सभी सामु0स्वा0केन्द्र/प्रा0स्वा0केन्द्र पर पानी, बिजली की समुचित व्यवस्था कर दी गई है।
- विभाग के आदेश क्रमांक 73 दिनांक 18.03.2025 से सभी सामु0स्वा0केन्द्र/प्रा0स्वा0केन्द्र को आवश्यक चिकित्सा किट/दवाईया उपलब्ध करवाई गयी है।
- सभी चिकित्सक/पैरामेडिकल स्टाफ को Heat Related illnèss के उपचार की Training दे दी गई है।
- जिला कलेक्टर महोदय की अध्यक्षता में तीन कमेटिया गठित कर दी गई है।
  1. जिला स्तर पर
  2. सामु0 स्वा0 केन्द्र पर
  3. प्रा0 स्वा0 केन्द्र पर
- लू तापघात (ताप लहर) के बचाव हेतु वर्ष 2025 की कार्य योजना बना ली गई है।
- सभी सामु0स्वा0केन्द्र/प्रा0स्वा0केन्द्र पर पानी बिजली की समुचित व्यवस्था कर दी गई है।
- सभी सामु0स्वा0केन्द्र Heat Related illness के उपचार के लिये 5 बेड आरक्षित कर दिये गये है।
- Heat Wave से बचने के लिए आवश्यक किट सभी सीएचसी/पीएचसी पर उपलब्ध करा दिये गये है।
- सभी चिकित्सक/पैरामेडिकल स्टाफ को Heat Related illness के उपचार की Training दे दी गई है।
- Heat illness & Death Report IHIP portal पर इन्द्राज करने के लिये सभी को पाबन्द किया गया है।

टोंक जिले में खण्ड टोड़ारायसिंह सहित पीएचसी स्तर पर 68, सीएचसी पर 13 यूपीएचसी स्तर पर 6 तथा मुख्यालय स्तर पर 1 आरआरटी टीम का गठन किया जा चुका है।

| IHIP-Integrated Health Information Platform HRI Facility Reporting | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| OFFICE OF THE CHIEF MEDICAL & HEALTH OFFICER TONK | | | | | | |
| 15-03-2025 to 22-04-2025 | | | | | | |
| SN. | Sub District | Total No. of Emergency | Total No. of Heat Strock | Present Status of Heat Strock Case | | |
| | | | | Cured | Under Treatment | Death |
| 1 | Deoli | 93 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | Duni | 36 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | Malpura | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | Niwai | 947 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | Peeplu | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | Todaraisingh | 31 | 23 | 23 | 0 | 0 |
| 7 | Tonk | 291 | 1 | 1 | 0 | 0 |
| 8 | Uniara | 819 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | Total | 2217 | 24 | 24 | 0 | 0 |

Daily Reporting Format

Name of District 22-04-2025

| ıme of Institute | Heat Wave Prepration | | | All equipments Functional | OT Functional (If Any) | Ambulance/Mamt & 104 Janni Express Functional | Medicines Available | Tests Available | Medical with surgicals & sutures |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Beds Reserved | All AC/Water Cooler Functional | Driking Water Available | | | | | | |
| ɔat Hospital k(DH) | 10 | Yes | Available | Yes | Functional | yes | Yes | Yes | 774 |
| pura (DH) | 10 | Yes | Available | Yes | Functional | yes | Yes | Yes | 526 |
| ɾai(SDH) | 6 | Yes | Available | Yes | Functional | yes | Yes | Yes | 728 |
| li(SDH) | 6 | Yes | Available | Yes | Functional | yes | Yes | Yes | 671 |
| araisingh(SDH) | 6 | Yes | Available | Yes | Functional | yes | Yes | Yes | 620 |
| an(CHC) | 5 | Yes | Available | Yes | Functional | yes | Yes | Yes | 511 |
| yakedar(CHC) | 2 | Yes | Available | Yes | - | Not Available | Yes | Yes | 383 |
| plu(CHC) | 5 | Yes | Available | Yes | Functional | Yes | Yes | Yes | 492 |
| ıy(CHC) | 5 | Yes | Available | Yes | Functional | yes | Yes | Yes | 630 |
| :was(CHC) | 5 | Yes | Available | Yes | Functional | yes | Yes | Yes | 540 |
| arh(CHC) | 5 | Yes | Available | Yes | Functional | yes | Yes | Yes | 611 |
| ıra(CHC) | 5 | Yes | Available | Yes | Functional | Not Available | Yes | Yes | 736 |
| etha(CHC) | 2 | Yes | Available | Yes | - | yes | Yes | Yes | 634 |
| ni(CHC) | 5 | Yes | Available | Yes | Functional | yes | Yes | Yes | 587 |
| ba Kalan(CHC) | 2 | Yes | Available | Yes | - | Not Available | Yes | Yes | 506 |
| ;i(CHC) | 5 | Yes | Available | Yes | Functional | Not Available | Yes | Yes | 526 |
| arFort(CHC) | 2 | Yes | Available | Yes | - | yes | Yes | Yes | 745 |
| ırda(CHC) | 2 | Yes | Available | Yes | - | yes | Yes | Yes | 411 |
| s(68) | 136 | Yes | Available | Yes | - | at 15 PHC Yes and at 53 PHC | Yes | Yes | average 350 at each phc |
| Cs(6) | 10 | Yes | Available | Yes | - | Not Available | Yes | Yes | average 308 at each uphc |
| ı | 234 | | | | | | | | |

. . Health Officer,Tonk

राजस्थान–सरकार

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी टोंक (राज.)

Email ID- tonk_ldsp@yahoo.co.In

क्र/तापघात/2025/59 Date 11-3-25

## लू–तापघात (ताप लहर) के बेहतर प्रबंधन हेतु कार्य योजना वर्ष 2025

### चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जिला–टोंक (राज.)

**संभावित परिदृश्य :–**

लू ताप घात से आम जनता भली प्रकार से परिचित हैं एवं समय–समय पर सरकार एवं अन्य स्वयं सेवी संस्थायें विभिन्न माध्यमो से स्वास्थ्य शिक्षा एवं लू तापघात से बचने के लिये जन जागृती पैदा करती रही है। लु तापघात, शरीर मे लवण व पानी की आवश्यकता व अनुपात के विकृति के कारण होती हैं। मस्तिष्क का एक केन्द्र जो मानव के तापमान को समान्य बनाये रखता हैं । जो काम करना छोड़ देता है । लाल रक्त कोशिकायें रक्त वाहिनीयो में टूट जाती है व कोशिकाओं में जो पोटेशियम लवण होता है व रक्त संचार में आ जाता हैं। इसमें हृदय गति व शरीर के अन्य अवयव व अंग प्रभावित हो कर लू तापघात के रोगी को मृत्यु के मुहॅ में धकेल देते है।

इस गर्मी के प्रकोप मे लू से कोई भी आकान्ता/ग्रसित हो सकता है। परन्तु बच्चे, वृद्ध, गर्भवती महिलाऐं धुप में व दोपहर मे कार्यरत श्रमिक, यात्री खिलाडी व ठंडी जलवायु मे रहने वाले व्यक्तियो के लू लगने की संभावनांये अधिक रहती है।

**लू तापघात के लक्षण :–**

1. सिर का भारीपन व सिरदर्द।
2. अधिक प्यास लगना व शरीर मे भारीपन के साथ थकावट।
3. जी मिचलाना, सिर चकराना व शरीर का तापमान अत्यधिक बढना (105F. या अधिक) हो जाना , पसीना आना बन्द होना, मुंह का लाल होना एवं त्वचा का सूखा होना।
4. पानी की कमी होना, बैहोशी जैसी स्थिति का होना/ बेहोश होना।
5. प्राथमिक उपचार/समुचित उपचार के अभाव में मृत्यु भी संभव है।

**लू तापघात से बचाव के उपाय :–**

1. लू तापघात से प्रायः कुपोषित बच्चे, वृद्ध गर्भवती महिलाऐं, श्रमिक आदि शीध प्रभावित हो सकते है। इन्हे प्रातः 11:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक तेज गर्मी से बचाने हेतु छायादार ठंडे स्थान पर रखने का प्रयास करें।
2. तेज धुप मे निकलना पड़े तो ताजा भोजन करके उचित मात्रा मे ठंडे जल का सेवन कर बाहर निकले।
3. थोडे–थोड़े अन्तराल मे ठंडा पानी, शीतल पेय जैसे–छाछ, आम का पना, ताजा फलो का रस आदि का सेवन करे।
4. तेज धुप मे बाहर निकला पड़े तो छाते का उपयोग करे तथा शरीर के अंगो/सिर आदि को हल्के रंग के सुती कपड़े से ढक कर रखें।
5. अकाल राहत कार्य/निर्माण कार्य स्थलो पर श्रमिको हेतु छाया एवं पानी की उचित व्यवस्था रखी जावें। ताकी श्रमिक थोड़ी–थोड़ी देर मे छायादार स्थानो पर विश्राम कर सकें।

**लू तापघात का उपचार :–**

1. लु तापघात से प्रभावित रोगी को तुरन्त हवा व छायादार ठंडे स्थान पर लिटा दें।
2. रोगी की त्वचा को गीले कपड़े से स्पंज करते रहें तथा रोगी के कपड़ो को ठीला कर दें। रोगी के आस–पास भीड़ ईकठ्ठा ना होने दें।
3. रोगी होश मे हो तो उसे ठंडे पेय पदार्थ देवें।
4. रोगी को तत्काल नजदीक के चिकित्सालय मे उपचार हेतु लेकर जावें।

1. जिले के समस्त सामु0 / प्राथ0 / शहरी प्राथ0 स्वा0 केन्द्र पर कन्ट्रोल रूम एवं रेपिड रेसपोंस टीमों का गठन किया जा चुका। सभी चिकित्सा संस्थानो मे आवश्यक ऐम्बुलेंस, दवाइयों, मोबाइल चिकित्सा दलों, जीवन–रक्षक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

2. चिकित्सा संस्थानो में लू–तापघात के रोगीयों हेतु दो–चार बैड की अलग से व्यवस्था सुनिश्चि करवाई जा रही है। तथा वार्ड को ठण्डा रखने के लिये कुलर, पखें की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। तथा रिपेरिंग वाले कुलर पंखो की रिपेरिंग करवाई जा रही है।

3. जिले के जिला चिकित्सालय सहित सभी चिकित्सा संस्थानो पर उपचार हेतु आवश्यक दवाईयां, ओ.आर.एस., ड्रिप सेट, आई.वी फ्लूड–जी.एन.एस / जी.डी.डब्ल्यू / आर.एल0आदि उचित मात्रां मे उपलब्ध है।

टोंक जिले में गर्मियों में तापमान अधिक रहने की सम्भावना बनी हुई है। जिससे लोगो की जानें चली जाती है। फसलों को क्षति पहुंचती है, पानी की कमी हो जाती है। बीमारियां फैलने लगती है और तमाम स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो जाती है। बीकानेर

**Temperature Table Last 5 Year Dist-Tonk ( Raj.)**

| Year | Month | Max ( Temp in C.) | Min ( Temp In C.) | Average ( Temp in C.) |
|---|---|---|---|---|
| 2020 | May | 44 | 23 | 34 |
| | June | 46 | 21 | 33 |
| 2021 | May | 42 | 20 | 32 |
| | June | 41 | 20 | 33 |
| 2022 | May | 45 | 21 | 36 |
| | June | 43 | 23 | 34 |
| 2023 | May | 43 | 31 | 37 |
| | June | 40 | 32 | 36 |
| 2024 | May | 46 | 36 | 41 |
| | June | 43 | 34 | 38 |
| Source of above information | | https://www.timeanddate.com/ | | |

लू–ताप लहर का मुकाबला करने के लिए बचाव, राहत, रिसपॉन्स और पुनर्वास ऑपरेशन में संलग्न विभागो, एजेंसियों और सहभागियों के लिए निम्न लिखित कार्य योजनाएं है :–

| क्रमांक | विभाग | लू–तापघात कार्य योजना |
|---|---|---|
| 1. | जिला प्रशासन | • जरुरी दिशानिर्देश जारी करना तथा सभी विभागो के बीच कारगर एंव सम्बधित रिसपॉन्स सुनिश्चित करना।<br>• मूल्यांकन के आधार पर मुआवजे की व्यवस्था करना। |
| 2. | पीआरआई / स्थानीय प्रशासन | • सभी अधिकारियों जैसे पटवारी, ग्राम सेवक, चौकीदार, आशा सहयोगिनी, आंगनबाडी सेविका को निर्देश देना कि वे प्रशासन को समय–समय पर जानकारी दें जिससे लोगों की शिकायतों को दूर करने के उपाय किये जा सके।<br>• स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग करना।<br>• हाइजीन और सेनिटेशन कार्यक्रमों को प्रोत्साहन देना।<br>• जिल के समस्त मनरेगा स्थलों पर कार्य कर रहे लोगों के लिए लू–तापघात से बचाव के लिए समुचित प्रबंध करना उनके पीने [illegible] बैठने की उचित व्यवस्था |

| | | |
|---|---|---|
| | | की कीट) की उपलब्धता सदैव बनाये रखने हेतु चिकित्सा विभाग से समन्वय बनाये रखना।<br>अलर्ट एवं चेतावनी चरण<br>1. सभी अग्निशमन केन्द्रो को चेतावनी जारी करना।<br>2. सभी संसाधनों को तैयार अवस्था में रखना।<br>आपदा के दौरान<br>1. पानी के टैंकर, ट्रेक्टर, क्रेन्स और अन्य उपकरण जैसे अग्नि सूट, मास्क, कम्बल, जेनरेटर, आदि तैनात करना और पर्याप्त मात्रा में श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना।<br>2. तेल, गैस एवं अन्य खतरनाक पदार्थो के रिसाव से पैदा होने वाली संभावित संकटकालीन स्थितियों पर नियंत्रण रखना।<br>रिसपॉन्स एवं पुनर्वास चरण<br>1 लू–तापघात का कारगर तरीके से मुकाबला करने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओ, सेल्फ हेल्प ग्रुप्स(एस.एच.जी), व सरकारी संस्थाओ में समन्वय स्थापित करना।<br>• पंचनामा के आधार पर मुआवजा दिलवाना। |
| 3 | सूचना एवं जनसंपर्क विभाग | ➢ लोगों को स्वास्थ्य, सेनिटेशन एंव हाइजीन के बारे में जागरुक करने के लिए आईईसी द्वारा जारी नोटिस, पोस्टर, जिंगल्स, रेडियों टीवी कार्यक्रमों को जारी/प्रकाशित करना।<br>➢ सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यो के बारे में मीडियों के लिए बुलेटिन जारी करना।<br>➢ अफवाहो से बचने के लिए यह सुनिश्चित करना कि मीडिया को दी गई सूचनाएं एकदम सही है।<br>➢ आपदा के समय क्या करें और क्या ना करें, के बारे में संबंधित अन्य लोगों को जानकारी प्रसार करना।<br>➢ नवीनतम आपातकालीन स्थिति के बारे में सार्वजनिक जानकारी रखें (प्रभावित क्षेत्र, जान–माल नुकसान आदि)।<br>➢ लोगों को विभिन्न आपदा पश्चात् सहायता और रिकवरी कार्यक्रम के बारे में सूचित करना।<br>➢ समय–समय पर बुलेटिन जारी करना।<br>➢ सरकार द्वारा किये जा रहे राहत कार्यो की जनता को जानकारी देना। |
| 4. | चिकित्सा एंव स्वास्थ्य विभाग | ➢ जिले मे जिला चिकित्सालय के साथ समस्त ब्लॉक स्तर/समस्त सामु0/प्राथ0/ शहरी प्राथ0 स्वा0 केन्द्र पर कन्ट्रोल रूम एवं रेपिड रेसपोंस टीमों का गठन किया जा चुका। सभी चिकित्सा संस्थानो मे आवश्यक ऐम्बुलेंस, दवाइयों, मोबाइल चिकित्सा दलों, जीवन–रक्षक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।<br>➢ जिला चिकित्सालय में लू–तापघात के रोगीयों हेतु वार्ड मे छः से दस बैड एवं जिले के अन्य समस्त चिकित्सा संस्थानों पर लू–तापघात के रोगीयों हेतु वार्ड मे दो–चार बैड की अलग से व्यवस्था की जावे। वार्ड को ठण्डा रखने के लिये कुलर, पखें की |

| | | |
|---|---|---|
| | | ➢ इसी तरह फ्लू, जल जनित रोग के रोगियों को अलग वार्ड में रखना।<br>➢ जिले के जिला चिकित्सालय सहित सभी चिकित्सा संस्थानो मे आने वाले रोगियो एवं परिजनो हेतु पीने के ठण्डे पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करना।<br>➢ जिले के जिला चिकित्सालय सहित सभी चिकित्सा संस्थानो पर उपचार हेतु आवश्यक दवाईयां, ओ.आर.एस., ड्रिप सेट, आई.वी फ्लूड–जी.एन.एस / जी.डी.डब्ल्यू. / आर.एल0आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है<br>➢ नगर पालिका, स्थानीय प्रशासन एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से सम्पर्क कर जगह–जगह पानी एवं छांया की व्यवस्था करने हेतु प्रेरित करना।<br>➢ शिक्षा विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग से समन्वय स्थापित कर स्कुलों / आगंनवाडी केन्द्रो का समय परिवर्तन करवाने हेतु अनुरोध किया जावे।<br>➢ जिले मे संचालित होने वाले शिविर स्थलों पर पानी, कुलर, छांया एवं आवश्यक दवाईयो की उपलब्धता सुनिश्चित करावें।<br>➢ लू–तापघात की दैनिक रिर्पोट कार्यालय को प्रतिदिन दोपहर दो बजे तक कार्यालय की ई–मेल आईडी (tonk_idsp@yahoo.co.in) पर या फोन के माध्यम से उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।<br>➢ उपकरण / मशीन(पंखे, कूलर, वाटर कूलर, वार्ड के ए.सी. इत्यादि, को अपग्रेड और कार्यरत स्थिति में बनाए रखा जाना चाहिए।<br>➢ ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर लगाना एवं मोबाईल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) / मोबाईल मेडिकल वेन (एमएमवी) व आरबीएसके टीमों द्वारा लोगों, विषेशरुप से महिलाओं और बच्चों, के पौषण स्तर का परीक्षण और जरूरी इलाज करना।<br>➢ प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस (प्रत्येक माह की 9 तारीख) पर गर्भवती महिलाओं को लू–तापघात एवं अन्य मौसमी बिमारियों से बचाव व उपचार के प्रति जागरुक करना।<br>➢ होटलों / दुकानों / ठेलों एवं सामुदायिक रसोई में दूशित व मिलावटी खाद्यान्नो एवं पके हुये खाद्य सामग्री का परीक्षण एवं उन्हें नष्ट करवाना।<br>➢ पीएचईडी विभाग से समन्वय स्थापित कर स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करवाना।<br>➢ मौसमी बिमारियों पर सतत निगरानी बनाये रखना। |
| 5. | आयुर्वेद | ➢ चिकित्सा विभाग के साथ समन्वय स्थापित करना और सहयोग देना।<br>➢ जिले के जिला आर्युवेद चिकित्सालय के साथ समस्त आर्युवेद चिकित्सालयों पर कन्ट्रोल रुम एवं चिकित्सा दलो का गठन करना। सभी चिकित्सा संस्थानो में आवश्यक दवाइयों, चिकित्सा दलों, जीवन–रक्षक औशधियों की व्यवस्था करना। |

| | | |
|---|---|---|
| | | ➢ जिले के जिला आर्युवैद चिकित्सालय में लू–तापघात के रोगीयों हेतु वार्ड मे दो से चार वैड एवं जिले के अन्य समस्त आर्युवेद चिकित्सालय पर लू–तापघात के रोगीयों हेतु वार्ड में वैड की अलग से व्यवस्था की जावे। वार्ड को ठण्डा रखने के लिये कुलर, पखें की व्यवस्था होना आवश्यक है।<br>➢ चिकिंत्सा संस्थानो मे आने वाले रोगियो एवं परिजनो हेतु पीने के ठण्डे पानी व छांया की व्यवस्था सुनिश्चित करना। |
| 6. | पशु पालन विभाग | ➢ वैटेरिनरी अधिकारियों को चिकित्सा विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्य करना।<br>➢ जिले के समस्त पशु चिकित्सालयों में चिकित्सा दलो का गठन करना। सभी चिकित्सा संस्थानो में पशुओं हेतु आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था करना।<br>➢ पशुपालकों की बैठक आयोजित कर रक्त टाईफस रोग के बारे में जानकारी देना एंव पशुओ व बाड़ों में साईपरमेथ्रिन का छिड़काव कराना।<br>➢ पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाली बिमारियों पर सतत निगरानी बनाये रखना।<br>➢ पीडित जानवरों एवं पक्षियों का संगरोधन।<br>➢ जानवरों का टीकाकरण कर पशुओं की बीमारियों पर नियंत्रण करना।<br>➢ मृत जानवरों और पक्षियों का सुरक्षित डिस्पोजल करना। |
| 7. | लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग | ➢ पर्याप्त मात्रा में वाटर टैंकर, ब्लीचिंग पाउडर, नये हैंन्डपंप लगाना, वर्तमान हैंडपम्प की मरम्मत करना, क्लोरिनेशन आदि की व्यवस्था करना।<br>➢ हाइजीन और सेनिटेशन के बारे में जागरूकता फैलाना।<br>➢ सुरक्षित पेयजल की व्यवस्था, जल की गुणवत्ता की निगरानी और उन्नत सेनिटेशन।<br>➢ सभी ग्राम पंचायतों को घरों में बांटने के लिए जल को शुद्ध करने वाली गोलियां(क्लोरिन), ब्लीचिंग पाउडर, क्लोरिन की सप्लाई करना।<br>➢ स्वास्थ्य एवं सेनिटेशन के बारे में लोगों को जागरुक करने के लिए आईईसी द्वारा जारी नोटिस, पोस्टर, पेन्टिंग्स, मीडिया आदि का प्रयोग।<br>➢ नियमित एवं अन्य स्त्रोतों से जल की उचित आपूर्ति।<br>➢ अग्निशमन वाहनों हेतु अतिरिक्त जल की उपलब्धता।<br>➢ जहाँ विजली की सप्लाई बन्द हो गई है वहाँ जनरेटर सेट की व्यवस्था करना तथा पानी के टेंकर का इंतजाम करना।<br>➢ जिले के जिन स्थानों पर लोग पानी के बिल जमा कराने आते है उन स्थानों पर आने वाले आमजन हेतु पीने के ठण्डे पानी व छांया की व्यवस्था करना। |
| 8. | पुलिस | ➢ कानून एंव व्यवस्था बनाये रखना।<br>➢ भीड को नियंत्रित करना और बचाव एवं राहत कार्यो व उचित ट्राफिक व्यवस्था के लिए प्रवेश एवं निकास स्थान नियत करना।<br>➢ ... को रोकने के लिए जरूरी उपाय करना। |

दिना

| | | |
|---|---|---|
| | एनसीसी और स्काउटस | ➢ स्वयंसेवी उपलब्ध कराना।<br>➢ मौसमी बिमारियों व आपदा से बचाव व राहत कार्यो में सहयोग प्रदान करना। |
| 10. | बिजली बोर्ड | ➢ बिजली की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करना।<br>➢ जिले के जिन स्थानों पर लोग बिजली के बिल जमा कराने आते है उन स्थानों पर आने वाले आमजन हेतु पीने के ठण्डे पानी व छांया की व्यवस्था करना। |
| 11. | नागरिक आपूर्ति | ➢ बर्फ की आपूर्ति और जैनरेटर्स की व्यवस्था करना। जिले में दूषित खाद्य पदार्थ / मिलावटी खाद्य पदार्थ की जाचं कर नष्ट करवाना एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित करना।<br>➢ जिले में राशन की दुकानों आने वाले लाभार्थियों हेतु पीने के ठण्डे पानी व छांया की व्यवस्था करना। |
| 12 | सेना | ➢ चिकित्सको, चिकित्सा संस्थानो, सरकारी वाहनो एवं अन्य बचाव की सामग्री मुहैया करवाना । |
| 13 | रेल्वे | ➢ जिले के सभी रेल्वे स्टेशनों पर यात्रा करने वाले यात्रियों एवं आमजन हेतु पीने के ठण्डे पानी व छांया एवं प्राथमिक उपचार एवं आवश्यक जीवन रक्षक औषधियों की व्यवस्था सुनिश्चित करना।<br>➢ आपदा की स्थिति में पीड़ित लोगो को ले जाने के लिए विशेष ट्रेन की व्यवस्था करना।<br>➢ प्रशासन की मांग पर पानी की ट्रेन की व्यवस्था करना। |
| 14 | सडक परिवहन | ➢ यात्रियों के लू-तापघात से बचाव के लिए समुचित प्रबंध करना।<br>➢ जिले के सभी बस स्टेण्डों / यात्री प्रतिक्षालयों पर यात्रियों एवं आमजन हेतु पीने के ठण्डे पानी एवं छांया व बैठने की उचित व्यवस्था करना।<br>➢ प्रशासन के निर्देशानुसार पीड़ितो को अस्पताल पहुंचाने के लिए विशेष बसों की व्यवस्था करना। |
| 15 | दूरसंचार विभाग | ➢ बेहतर संचार नेटवर्क जारी रखना।<br>➢ क्षतिग्रस्त लाइनों और नेटवर्क को पुनःचालू करना।<br>➢ आपदा की स्थिति में आमजन तक त्वरित संदेश पहुँचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करना। |
| 16 | रेडियो दूरदर्शन एवं अन्य न्यूज जैनल | ➢ लोगो को स्वास्थ्य, सेनिटेशन एवं हाइजीन के बारे मे जागरूकता करने के लिये आईईसी द्वारा जारी नोटस, पोस्टर, जिन्गल्स, रिडियो टीवी पर जागरूकता कार्यक्रमो का प्रसारण करना।<br>➢ सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासो के बारे मे मीडिया के द्वारा समय-समय पर बुलैटिन जारी करना। |
| 17 | एन.जी.ओ. | ➢ राहत व बचाव के कार्यों में प्रशासन की मदद करना।<br>➢ पीड़ित लोगों को उपचार की सेवाओं की व्यवस्था करना।<br>➢ आमजन के सहयोग हेतु पीने के ठण्डे पानी के लिए विशेष स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था करना। |

राजस्थान सरकार
निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाये, राजस्थान, जयपुर
E-mail ID<npcchhrajasthan@gmail.com>

National Programme on Climate Change and Human Health

क्रमांकः चि.प्र. / NPCCHH / 2025 / 136 दिनांक 12.03.2025

1. समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
2. समस्त उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वा०)
एवं नोडल ऑफिसर, एनपीसीसीएचएच कार्यक्रम
राजस्थान।

विषय–राज्य में हिट वेव से संबंधित प्रोटोकोल की पालना के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत जलवायु परिवर्तन के संदर्भ मे प्रतिदिन हो रहे असामान्य तापमान में वृद्धि के कारण मानव स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव लक्षित हो रहा है, इसी को ध्यान में रखते हुये हिट वेव के दौरान समुचित प्रबंधन हेतु संबंधित प्रोटोकोल आपको सुलभ संदर्भ हेतु भिजवाया जा रहा है:–

**List of Protocols**

1. Treatment Protocol for Heat Exhaustion.
2. Algorithm for the initial evaluation of a patient with suspected heat related illness.
3. Management workflow of Suspected Heatstroke victims at PHC level before referral to higher centre.
4. Management Workflow in Emergency Department for Management of Heatstroke Patient at tertiary level.
5. Management workflow in Emergency Department for Management of Heatstroke in children.
6. Management workflow in Emergency Management of Heatstroke in Adult Patient.
7. Emergency Cooling of Severe HRI Case during Ambulance Transport.
8. Sign, Symptoms and Treatment of Patients with Heat Stroke.
9. Cooling Methods.

**लू–तापघात प्रबंधन एवं प्राथमिक उपचार से संबंधित विडियो लिंकः–**

1. https://youtu.be/A-x3L-C4AoE (Management of Heat Stroke Mockdrill)
2. https://youtu.be/4L8xnnZ2txg (TACO Mathod)

नोट.–उक्त प्रोटोकोल का डिसप्ले आईडेन्टीफाई डेडिकेटेड हिट स्ट्रोक रूम में कराना सुनिश्तिच करावें तथा उक्त विडियो लिंक को आपके जिले के चिकित्सा कर्मियों एवं एम्बुलेन्स कार्मिकों के वाट्सऐप ग्रुप पर शेयर करें।

**संलग्नः–उपरोक्तानुसार।**

**(डॉ. रवि प्रकाश शर्मा)**
निदेशक (जन स्वा.)

क्रमांकः चि.प्र. / NPCCHH / 2025 / 136 दिनांक 12.03.2025

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–**

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव महोदया, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जयपुर।
2. मिशन निदेशक, एनएचएम, मुख्यालय।
3. स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक, एनसीडीसी, स्वास्थ्य एवं प०क० मंत्रालय, नई दिल्ली।
4. अति० निदेशक (चि.प्र.) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, जयपुर (राज.)।
5. समस्त संयुक्त निदेशक, जोन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायं, राजस्थान को भेजकर लेख है कि आप अपने अधीन जिलों में सुपरविजन एवं मॉनिटरिंग की सुनिश्चितता करावें।
6. हैल्थ स्पेशलिस्ट, यूनिसेफ, राजस्थान।
7. प्रभारी सर्वर रूम, मुख्यालय।
8. रक्षित पत्रावली।

**(डॉ. नरौत्तम शर्मा)**
अति० निदेशक (चि.प्र.) एवं
प्रभारी, एनपीसीसीएचएच

# Office of the Chief Medical & Health Officer,Tonk

**Integrated Disease Surveill Programme**
E-mail: tonk_idsp@yahoo.co.in
**Phone No. 01432-244099**

क्रमांक / आईडीएसपी / 2025 / 73 दिनांकः— 18-3-25

**समस्त खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
**जिला टोंक।**
**वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी सा.स्वा. केन्द्र**
**समस्त जिला टोंक।**

**विषयः**—राज्य में हिट संबंधित प्रोटोकोल की पालना के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि जलवायु परिवर्तन के सन्दर्भ में प्रतिदिन हो रहे असामान्य तापमान मे वृद्धि के कारण मानव स्वास्थ्य पर मौसम का दुरुप्रभाव लसित हो रहा है इसी को ध्यान में रखते हुये हिट वेव के दौरान समुचित प्रबन्धन हेतु सम्बन्धित प्राटोकोल आपको सुलभ सन्दर्भ भिजवाया जा रहा है।

1-Treatment Protocol for Heat Exhaustion .
2-Algorithn for the initial evaluation of a patient with suspected heat realated illness.
3-Managent workflow of suspected heat strock victim at phc level before referred to higher center.
4-Management workflow in emergency Department for Management of Heatstrocke Patient at tertiary level .
5-Menagemet workflow in emergency Deparment for Management of Heatstroke in children.
6-Managenment workglow in emergency management of Heatstroke in Adult patient .
7-Emergency cooling of seveve MRI Case during Ambulance Transport .
8-Sign , Symptoms and Treatment of patients with Heat Stroke.
9-Cooling Methods.

लू—तापघात प्रबन्धन एंव प्राथमिक उपचार सं संबंधित विडियो लिंक—
1-https://youtu.be/A-X3L-c4AoF (Management of Heat Stroke Mockdrill)
2-https://youtu.be/4L8xnnz2txg (TACO Mathod)

नोट— उक्त प्रोटोकोल का डिस्पले आईडेन्टीफाई हिट स्ट्रोक फम मे कराना सुनिश्चित करावे तथा उक्त लिंक को आपके खण्डव सीएचसी क्षेत्र मे चिकित्सा कर्मियो एंव एम्बूलेन्स कार्मिको के वाट्ऐप ग्रुप पर शेयर करे।

संलग्नः—उपरोक्तानुसार

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
टोंक

क्रमांक / आईडीएसपी / 2025 / दिनांकः—

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही प्रेषित है ।
1.श्रीमान् अति. निदेशक (ग्रा.स्वा.) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राज. जयपुर।3.
2.श्रीमान जिला कलेक्टर महोदय,टोंक।
3.श्रीमान् संयुक्त निदेशक चिकि० एवं स्वा० सेवाऐं, जोन अजमेर।
4.कार्यालय प्रति।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
टोंक

Letter 2024 Docx1044

**Department of Medical, Health & Family Welfare**
Government of Rajasthan

राजस्थान सरकार

# Treatment Protocol for Heat Exhaustion

**Remove from the environmental heat exposure and stop physical activity**

↓

**Initiate passive cooling procedures**

a. Cool-wet towels or ice packs to axillae, groin, and around neck.
b. If patient is stable, may take a cool shower, but evaluate the risk of such activity against gain and availability of other cooling measures
c. Spray cool water or blot cool water onto skin
d. Use fan to blow cool air onto the moist skin

↓

**Temperature (lower than 104 °F)**

↓

**Repeat assessment every 5 minutes**

↓

